स्नोरी और अजनबी

नैथनियल बेंचले, चित्र: डॉन बोलोग्नीस

स्नोरी का जन्म उत्तरी अमेरिका में हुआ था. एक हजार साल से भी पहले उसके पुरखे ग्रीनलैंड से अन्य बसने वालों के साथ वहाँ आए थे. स्नोरी ने मछली पकड़ना और शिकार करना सीखा. उसने अपने माता-पिता से सवाल भी पूछे: आप कहाँ से आए हैं? ग्रीनलैंड कहाँ है? वो अचरज करता था कि ग्रीनलैंड कैसा होगा.

एक दिन, जब स्नोरी समुद्र को देख रहा था, तो कुछ अजीब लोग नाव चलाते हुए आए. उन्होंने नॉर्समेन के साथ व्यापार किया, जिससे हर कोई खुश था. फिर कुछ ऐसा हुआ जिससे अजनबी डर गए. वे चले गए, और वे लड़ने के लिए तैयार होकर वापस आए.

लेकिन स्नोरी को उससे कोई आपत्ति नहीं थी; क्योंकि अब उसके पास ग्रीनलैंड के बारे में हर सवाल का जवाब होगा.

स्नोरी और अजनबी

नैथनियल बेंचले

चित्र: डॉन बोलोग्नीस

स्नोरी अमेरिका में पैदा होने वाला

पहला श्वेत बच्चा था.

उसके पुरखे लगभग

एक हजार साल पहले यहाँ आए थे.

वे ग्रीनलैंड से तीन जहाजों में

सवार होकर आए थे,

जिसमें एक सौ साठ लोग थे.

ग्रीनलैंड आने से पहले वे आइसलैंड में थे.

और उससे पहले वे नॉर्वे में थे.

तो कुल मिलाकर

वे काफी दूर से आए थे.

स्नोरी के पिता उस गुट के नेता थे.

उनके पास एक बड़ा जहाज था.

उसमें वे गाय, घोड़े और भेड़,

और साथ में लोग भी लाते थे.

जहाज में अक्सर भीड़ होती थी.

स्नोरी का जन्म पतझड़ में हुआ था.
उस बार बहुत कड़ाके की सर्दी पड़ी,
जिससे लोगों को खाने के लिए चीज़ें
ढूँढ़ने में बहुत परेशानी हुई.

इसलिए अगली वसंत ऋतु में
वे सभी दक्षिण की ओर चले गए,
जहाँ मौसम बेहतर था.
गर्मियों तक उन्हें एक झील के किनारे मछलियाँ,
और खाने के लिए बहुत सारी चीज़ें मिल गईं.

"मुझे लगता है कि हम यहीं रहेंगे,"

स्नोरी के पिता ने कहा.

उसकी माँ और बाकी लोग उनसे सहमत थे.

स्नोरी ने कुछ नहीं कहा,

क्योंकि उसने अभी बोलना नहीं सीखा था.

उन्होंने घर बनाए,

और वे शिकार और मछली पकड़ने लगे.

और इस बार जब सर्दी आई,

वे पहले से कहीं ज़्यादा खुश थे.

स्नोरी बड़ा होने लगा.

बहुत जल्द ही वो

अन्य बच्चों की तरह ही चलने लगा.

उसने बहुत कुछ सीखा.

उसने मछलियों के बारे में सीखा.

उसने गायों के बारे में सीखा.

उसने बैलों के बारे में सीखा.

उसने रोपण, शिकार,

खाना पकाने के बारे में सीखा

फिर उसे लगा कि

वह लगभग सब कुछ जान गया था.

वह बात करना भी जानता था.

उसने अपनी माँ से बहुत सारे सवाल पूछे.

एक सवाल था, "हम लोग कहाँ से आए?"

"ग्रीनलैंड," मां ने कहा.

"ग्रीनलैंड कहाँ है?" स्नोर्री ने पूछा.

"समुद्र के पार," उसकी माँ ने कहा.

"मैं कभी वहाँ जाना चाहूँगा,"

स्नोरी ने कहा.

"हम देखेंगे,"

बस इतना ही उसकी माँ ने कहा.

इससे स्नोरी की वहाँ जाने की

इच्छा और भी बढ़ गई.

उसने दूसरे लोगों से पूछा,

लेकिन उन्होंने भी ज़्यादा कुछ नहीं बताया.

एक ने कहा, "वहाँ बहुत ठंड होती है."

दूसरे ने कहा, "वहाँ बड़े-बड़े पहाड़ हैं."

इससे ज़्यादा उसे कुछ पता नहीं चला,

क्योंकि उसने कभी कोई पहाड़ नहीं देखा था.

उसने फ़्रीडिस नाम की एक महिला से पूछा,

जो बैल जैसी दिखती थी.

"बेवकूफ़ी भरे सवालों से

मुझे परेशान मत करो,"

फ़्रीडिस ने जवाब दिया.

फ़्रीडिस को कोई भी पसंद नहीं करता था,

जिसमें उसका पति भी शामिल था.

वह छोटा था और मछलियों से डरता था.

"मुझे फ़्रीडिस पसंद नहीं है,"

स्नोरी ने अपने पिता से कहा.

"वह मुझे डराती है."

"वह बहुत से लोगों को डराती है,"

उसके पिता ने जवाब दिया.

"लेकिन वह उतनी बुरी नहीं है,

जितनी वो लगती है."

अगले दिन वह फिर से

देखने के लिए वहां पर वापस गया.

पानी पर,

उसने कुछ ऐसा देखा

जो उसने पहले कभी नहीं देखा था.

वहां एक छोटी नाव में एक आदमी था,

और वह किनारे की ओर बढ़ रहा था.

फिर स्नोरी समुद्र के किनारे गया,

दूरी पर ग्रीनलैंड की तलाश में.

लेकिन वहाँ कोहरा था,

और वह कुछ भी नहीं देख सका.

फिर एक और आदमी आया,

फिर एक और,

फिर बहुत जल्द ही पानी

उन लोगों से भर गया.

वे पानी में लाठियां लहरा रहे थे.

उन लाठियां से एक अजीब सी

खड़खड़ाहट की आवाज़ आ रही थी.

"शायद वे ग्रीनलैंड से आए हों," स्नोरी ने सोचा.

"शायद वे मुझे बताएँगे कि ग्रीनलैंड कैसा है."

अन्य नॉर्समैन भी उसके चारों ओर इकट्ठा हो गए,

उन्होंने उन अजनबियों को आते हुए देखा.

"मुझे उम्मीद है कि वे दोस्ताना होंगे,"

स्नोरी के पिता ने कहा.

"उसकी किसे परवाह है?" फ्रेयडिस ने कहा.

"अगर वे दोस्ताना नहीं होंगे,

तो हम उनकी पिटाई करेंगे."

"नहीं, ऐसा कुछ मत करना,"

स्नोरी के पिता ने कहा.

फ़्रेयडिस कुछ बड़बड़ाई.

अजनबी उतरे, और अपनी नावों से

बाहर निकलकर आए.

वे छोटे और काले थे,

उनके काले बाल और चपटे चेहरे थे.

स्नोरी ने कभी ऐसा कुछ नहीं देखा था.

न ही उसके पिता ने,

न ही उसके किसी दोस्त ने.

नॉर्समैन और अजनबी बस

एक-दूसरे को घूरते रहे,

वे कुछ नहीं बोले.

दोनों में से कोई भी

दूसरे की भाषा नहीं जानता था.

तब स्नोरी के पिता को एक विचार आया.

"थोड़ा दूध लाओ,"

उन्होंने फ़्रेयडिस से कहा,

और उन्हें पीने को दो.

"क्यों?" फ़्रेयडिस ने पूछा.

"जाओ दूध लेकर आओ,"

स्नोरी के पिता ने कहा,

और क्योंकि वह नेता थे,

इसलिए फ़्रेयडिस ने उनकी बात मानी.

वह दूध की एक बाल्टी

और कुछ कटोरे लेकर आई

उसने उन्हें ज़मीन पर रख दिया.

स्नोरी के पिता ने

अजनबियों को पीने का संकेत दिया.

"अब वे हमारे दोस्त हैं."

"वे मेरे दोस्त नहीं हैं," फ़्रेयडिस ने कहा.

"मुझे उन पर भरोसा नहीं है."

"देखना," पिताजी ने कहा.

"वे और दूध पीने के लिए वापस आएंगे."

उन्होंने ऐसा किया और

उन्हें दूध इतना अच्छा लगा

कि उन्होंने सारा दूध खत्म कर दिया.

फिर वे अपनी नावों में सवार

हो गए और वापिस चले गए.

"देखा?" स्नोरी के पिता ने कहा.

कुछ दिनों बाद वे फिर वापस आए.

इस बार वे फर के पैक लेकर आए.

वे फर के बदले

लाल कपड़े की पट्टियाँ

खरीदना चाहते थे,

जिन्हें उन्होंने नॉर्समेन

को पहने हुए देखा था.

उन्होंने लाल कपड़ा लिया,

और उसे अपने सिर के चारों ओर बांधा.

उन्हें तलवारें, भाले

और कुल्हाड़ी भी चाहिए थीं,

लेकिन स्नोरी के पिता इन चीजों का

व्यापार नहीं करना चाहते थे.

नॉर्समेन के पास

जितना भी लाल कपड़ा था उन्हें दिया.

बदले में, उन्हें हर पट्टी के लिए

एक फर मिला.

स्नोरी को फर चाहिए था,

लेकिन उसके पास व्यापार करने के लिए

कुछ भी नहीं था.

उसके पास बस एक कटोरा था

जिसमें से वह खाता था,

और एक खिलौना नाव थी

जिस पर सफेद पाल था, और एक छड़ी

जो एक काल्पनिक तलवार थी,

और कुछ पुराने डायपर.

अजनबियों को उनमें कोई दिलचस्पी नहीं थी.

इसलिए उसकी माँ ने उसे

थोड़ा सा लाल कपड़ा दिया,

और स्नोरी ने उसे एक अजनबी को

फर के बदले में बेच दिया,

फिर सभी खुश हुए.

फिर अचानक

ब्रूऊऊऊऊऊऊ!

जंगल से बैल बाहर आया!

वह उछल-कूद कर रहा था, दहाड़ रहा था,

और उसने एक अजीब सी आवाज निकाली!

अजनबियों ने पहले कभी

बैल नहीं देखा था,

उससे वे डर गए.

उन्होंने अपने सारे फर और कपड़े फेंक दिए,

और वे अपनी नावों की ओर भागे,

और जितनी जल्दी हो सके उतनी तेजी से भागे.

फ्रेडिस इतनी जोर से हंसी

कि उसे बैठना पड़ा.

तीन सप्ताह तक कुछ नहीं हुआ.

फिर स्नोरी ने

अजनबियों को वापस आते हुए देखा.

वे सैकड़ों की संख्या में थे,

और वे युद्ध के नारे लगा रहे थे

और अपने हथियार लहरा रहे थे,

और वे सभी उसकी ओर आ रहे थे!

स्नोरी यह बात दूसरों को बताने के लिए दौड़ा.

"मदद करो!" वो चिल्लाया.

"मदद करो!

वे मेरे पीछे आ रहे हैं!"

नॉर्समेन ने अपने बचाव के लिए

भाले, ढाल, कुल्हाड़ी और तलवारें लीं,

अजनबी उनकी ओर चिल्लाते हुए आए.

अजनबियों ने भाले, धनुष और तीर

का इस्तेमाल किया,

लेकिन उनके पास एक नया हथियार भी था.

यह एक लंबा डंडा था,

जिसके अंत में एक गोल चीज थी,

और जब डंडा आगे की ओर झुकता

तो वो गोल चीज उड़ जाती थी.

गोल चीज़ नॉर्समेन के सिर के ऊपर से उड़ी,

और उनके पीछे एक धमाके के साथ फट गई!

वे इतने डर गए कि वे मुड़े और भागे.

वे नदी के ऊपर और पेड़ों के बीच से भागे,

और अजनबी उनके पीछे-पीछे भागे.

फ्रेडिस अपने घर से बाहर आई,

उसने जो हो रहा था वो देखा.

"भागना बंद करो!" वह चिल्लाई.

"तुम क्या भेड़ हो?"

लेकिन नॉर्समेन भागते रहे.

"कायर!" फ्रायडिस ने उनका पीछे

करते हुए कहा,

"कबूतरों के जिगर! हिरणों! छिपकलियों!

जैक खरगोशों! पेड़ के मेंढकों!

तुम्हें क्या लगा कि तुम योद्धा हो?"

लेकिन किसी नॉर्समेन ने उसकी बात पर

कोई ध्यान नहीं दिया.

लेकिन अजनबियों ने ध्यान दिया.

उन्होंने उसे पकड़ लिया

और उसके करीब आने लगे.

फ्रायडिस ने एक गिरे हुए नॉर्समेन की

तलवार उठाई और उनका इंतज़ार करने लगी.

फिर अचानक उसने अपना ब्लाउज फाड़ दिया,

उसने तलवार के सपाट हिस्से से अपनी छाती पीटी

फिर वो किसी जंगली बिल्ली की तरह

चीखते हुए अजनबियों पर झपट पड़ी!

अजनबी इतने हैरान हुए

कि वे एक-दूसरे पर गिर पड़े

और भागने की कोशिश करने लगे.

उसने उन्हें उनकी नावों तक वापस खदेड़ा

फिर वे नाव चलाते हुए भाग गए.

फिर नॉर्समेन जंगल से बाहर आए.

"तुमने अच्छा किया, फ्रेयडिस,"

स्नोरी के पिता ने कहा.

"आज तुमने हमारी जान बचाई,"

फ्रेयडिस ने कंधे उचकाए.

"किसी को तो यह करना ही था,"

उसने कहा,

"यह जगह उतनी अच्छी नहीं है,

जितनी हमने सोची थी,"

स्नोरी के पिता ने कहा.

"अगर यहां लोग मिलनसार नहीं हैं,

तो रहने के लिए यह एक अच्छी जगह नहीं है."

"तो उन्हें मार डालो," फ्रेयडिस ने कहा.

"देखो हमें वो नहीं करना चाहिए,"

उन्होंने जवाब दिया.

"मुझे लगता है कि हमें वापिस

अपने घर चले जाना चाहिए,"

फ्रेयडिस निराश हुई.

लेकिन स्नोरी खुश था क्योंकि

वे ग्रीनलैंड जा रहे थे.

उन्होंने अपनी गायों और घोड़ों

और भेड़ों और लोगों को

अपनी नावों में लादा,

और फिर वे समुद्र के पार रवाना हुए.

स्नोरी पहली नाव के आगे बैठा था.

आखिरकार, वह यह देखने जा रहा था

कि उसके पिता और माँ कहाँ से आए थे.

लेखक का नोट:

यह स्थापित किया गया है कि दुनिया के इस हिस्से में सबसे पहले नॉर्स खोजकर्ताओं ने उत्तरी न्यूफ़ाउंडलैंड में कुछ सर्दियाँ बिताई थीं. वे दक्षिण में कितनी दूर तक गए थे, और जिन मूल निवासियों से वे मिले और बाद में उनसे लड़े, वे एस्किमो या भारतीय हो सकते थे, यह अनुमान कोई नहीं लगा सकता है. किसी भी तरह के कोई सबूत उपलब्ध नहीं है. जिन लोगों ने कुछ शताब्दियों बाद "सागा" लिखा, वे बस अजनबी थे. कलाकृतियों की वैज्ञानिक तरीकों से तारीख निश्चित की जा सकती है, लेकिन घटनाएं और विचार बहुत फिसलन भरे होते हैं और उन्हें पकड़ पाना मुश्किल होता है. इतना कहना ही काफी है कि मूल निवासी शत्रुतापूर्ण थे.

-एन.बी.